वर्ष-01, अंक- 187

छपरा

10 मई शुक्रवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# तेजस्वी मेरे छोटे भाई जैसे, पहले डॉक्टर से इलाज कराएं:सम्राट चौधरी ने जहानाबाद में दी सलाह

## कुर्ता उठाकर वोट मांगने पर किया तंज

**जहानाबाद ,एजेन्सी।** जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने आज गुरुवार को नामांकन किया। नामांकन कार्यक्रम के दौरान शहर के गांधी मैदान में सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनडीए के कई नेता पहुंचे। लोजपा (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान ने कहा कि इस बार बिहार में विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलने वाला है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह सभा में भीड़ उमड़ रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में लोगों की आस्था और विश्वास जगा है। यह साबित करता है कि आने वाले 4 जून को एक बार फिर से 400 पार कर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि वो मेरे छोटे भाई जैसे हैं। सभा में कुर्ता उठाकर वोट मांग रहे हैं। मेरी सलाह है कि पहले वह अपना सही ढंग से इलाज करा लें।

उन्होंने कहा कि आज 5 लाख नौकरी का ढिंढोरा जो पीटते चल रहे हैं, लोगों को यह भी बताना चाहिए कि 15 साल मां एवं पिताजी के शासनकाल में उन्होंने कितने लोगों को नौकरी दिया। साथ ही कितने लोगों को आरक्षण दिया। लालू-राबड़ी के शासनकाल में न तो नौकरी दिया गया और न ही किसी को आरक्षण दिया गया। अगर आरक्षण दिया गया तो सिर्फ परिवार के लोगों को आरक्षण मिला है।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे भारत में इस चुनाव में युद्ध छिड़ा है। एक तरफ हम लोगों की पांच पार्टियों का गठबंधन एनडीए है तो दूसरी तरफ कौरव सेना है। तरह-तरह से महागठबंधन के लोग ठगने का कार्य कर रहे हैं। बिहार की जनता जान रही है कि अगर हम लोग थोड़ा सा भी चूक करेंगे तो 2005 के पूर्व वाली स्थिति बिहार में बन जाएगी। जंगल राज आ जाएगा। जंगल राज आ गया तो सड़क पर मां बहनों का निकलना दुभर हो जाएगा।



वहीं पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा कि जो भी विकास बाकी रह गया है, वह हम जरूर करेंगे।

# मैं शरद पवार का बेटा नहीं हूं,इसलिए नहीं मिला मौका

## भतीजे अजित पवार का बड़ा दावा,आंखों से छलका दर्द

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के बेटे नहीं हैं इसलिए उन्हें राजनीतिक अवसर नहीं मिला। राकांपा नेता अजित ने कहा कि 80 साल की उम्र के बाद नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने शरद पवार के इस बयान पर कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ बातचीत हुई थी लेकिन उसके साथ जाने के संबंध में बातचीत नहीं हुई थी, कहा कि कम से कम उन्होंने यह तो स्वीकार किया कि बातचीत हुई थी। अजित पवार ने साथ ही कहा कि वे बातचीत के साक्षी हैं। पिछले साल जुलाई में अजित पवार और राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी के आठ अन्य विधायक महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए। इस घटना के बाद वह राकांपा बंट गई थी जिसका गठन शरद पवार (83) ने किया था। पुणे जिले के शिरूर में एक रैली को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा, मेरी उम्र भी 60 से ऊपर है। हमारे पास कोई मौका है या नहीं? क्या हम गलत बर्ताव कर रहे हैं? इसीलिए हम भावुक हो जाते हैं। पवार साहब भी हमारे देवता हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हर व्यक्ति का वक्त होता है। 80 की उम्र पार करने के बाद नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए।

# पीएम आपका और संघ भी साथ,देखते हैं क्या कर लोगे

## असदुद्दीन ओवैसी का नवनीत राणा को 15 सेकेंड वाला चैलेंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नवनीत राणा ने तेलंगाना में 15 सेकेंड के लिए पुलिस हटाने की बात कहते हुए ओवैसी ब्रदर्स को चुनौती दी थी। उनके बयान पर अब ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री भी आपके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) भी आपके साथ है। देखते हैं 15 सेकेंड में क्या कर लेते हो। ओवैसी ने कहा, मैं मोदी जी से कहता हूं कि उन्हें 15 सेकेंड दीजिए। एक घंटा दीजिए। आप क्या करेंगे? जैसा मुख्तार अंसारी के साथ किया वैसा ही करेंगे? हम भी देखना चाहते हैं कि क्या आपमें थोड़ी भी इंसानियत बची है। कौन डरता है? हम तैयार हैं। अगर कोई इसके लिए खुला आह्वान कर रहा है तो ऐसा होने दें। पीएम आपका है, आरएसएस भी आपका है। सब कुछ आपका है। आपको कौन रोक रहा है। हमें बताओ कि हमें कहां आना है। हम वहां आएंगे। आपको बता दें कि अकबरुद्दीन ओवैसी ने 2013 में कहा था, अगर 15 मिनट के लिए पुलिस को हटा लिया गया, तो हम (मुसलमान) बता देंगे किसमें हिम्मत है।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने हड़ताल वापस ली

## बर्खास्त 25 कर्मचारी बहाल होंगे; 7 मई को 200 क्रू-मेंबर्स छुट्टी पर चले गए थे




**नई दिल्ली,एजेन्सी।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने गुरुवार शाम 8 बजे हड़ताल वापस ले ली। चीफ लेबर कमिश्नर ने कहा कि एयरलाइन बर्खास्त 25 कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लेगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 से ज्यादा क्रू-मेंबर्स 7 मई की रात को अचानक छुट्टी पर चले गए थे। बुधवार से ही काम पर नहीं आ रहे थे। इन सभी कर्मचारियों ने एक साथ पहले सिक लीव अप्लाई की और अपना मोबाइल फोन ऑफ कर लिया था। इस वजह से मंगलवार रात से 170 से ज्यादा उड़ानें रद्द की गईं। एयरलाइन ने आज सुबह 10 बजे 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एयरलाइन ने बाकी कर्मचारियों से कहा कि आज शाम 4 बजे तक नौकरी पर लौट आएं। ऐसा न करने पर सबको निकाल दिया जाएगा।

**लेबर कमिश्नर ने मीटिंग बुलाई, फिर बात बनी :** एयरलाइन के इस पूरे विवाद में चीफ लेबर कमिश्नर ने मध्यस्थता की। एयरलाइन और एअर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच दिल्ली के द्वारका स्थित चीफ लेबर कमिश्नर ऑफिस में मुलाकात हुई। इसमें दोनों पक्षों के बीच हड़ताल वापस लेने और बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली पर सहमति बनी।

## पराली जलाने वाले किसानों के लिए बुरी खबर

# केंद्र सरकार ने एमएसपी पर ले लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के द्वारा साल 2023 में सुनाए गए एक फैसले का हवाला देते हुए केंद्र सरकार ने खेतों में पराली जलाने वाले किसानों को इस साल से न्यूनतम समर्थन मूल्य (रम्स्क) का लाभ देने से वंचित करने के लिए राज्य की सरकारों को पत्र लिखा है। केंद्र ने जिन राज्यों को यह चिट्ठी लिखी है उनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान शामिल है। केंद्र ने इन राज्यों को मुख्य सचिवों को इसे लागू करते हुए जल्द ही स्टेटस रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। इकोनॉमिक टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। आपको बता दें कि पराली जलाने वाले किसानों को खिलाफ फाइन और सजा के प्रावधान सियासी तौर पर काफी जटिल हैं। सरकारें अपनी सियासी हितों को ध्यान में रखते हुए पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई से परहेज करती रही है। बीते 10 अप्रैल को सचिवों की समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार ने पराली के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कार्ययोजना तैयार की। इसरो प्रोटोकॉल के तहत पराली जलाने वाले किसानों को एमएसपी से प्रतिबंधित किए जाने का फैसला किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस नियम को लागू करने की योजना सरकार के द्वारा तैयार किया गया है। एनएसआरसी और इसरो को ऐसे खेतों की मैपिंग की जिम्मेदारी दी गई है जिन खेतों में पराली जलाए जाते हैं। इसके लिए एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया है। सरकार के नए आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में सबसे अधिक धान की खेती होती है। इस साल इसके 31.54 लाख हेक्टेयर तक बढ़ने की संभावना है। पिछले साल की तुलना में यह काफी अधिक है। पंजाब के बाद हरियाणा का नंबर आता है। यहां इस साल 15.73 हेक्टेयर में धान की खेती होने की संभावना है। आपको बता दें कि सबसे अधिक पंजाब में पराली जलाने की घटना होती है। इसके बाद हरियाणा का नंबर आता है। हाल ही में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पंजाब सरकार को यह बताने का निर्देश दिया है कि वह चालू वर्ष में पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के अपने लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी। एनजीटी पंजाब में पराली जलाने के मामले पर सुनवाई कर रहा था जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ जाती है। इस साल जनवरी में अधिकरण ने पंजाब को ÷गंभीर मुद्दे÷ से निपटने के लिए ÷संशोधित नयी कार्य योजना÷ दाखिल करने का निर्देश दिया था। अधिकरण ने राज्य सरकार को 12 जुलाई को सुनवाई की अगली तारीख से एक सप्ताह पहले रिपोर्ट दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि वह चालू वर्ष में पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के अपने लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी।






# जेपी सिंह बने शिमला के नये आईजी, फिर बढ़ाया सारण का मान-सम्मान

## मांझी प्रखंड के टेघरा गांव के निवासी हैं आईपीएस जेपी सिंह

**दैनिक खोज खबर/मांझी/एकमा (सारण)।** जेपी सिंह ने पुनः एक बार सारण जिले का नाम रोशन करके मान-सम्मान बढ़ाया है। 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी, जय प्रकाश सिंह को हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिमला का नया आईजी, पुलिस नियुक्त किया है। इसके पूर्व वह शिमला में ही आईजी, पुलिस एकेडमी, ट्रेनिंग और रिसर्च (पुलिस मुख्यालय, शिमला)के पद पर तैनात थे।श्री सिंह मूलतः सारण जिले के मांझी प्रखंड के टेघरा के रहने वाले हैं। वह पटना विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक व उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से पुलिस प्रबंधन में स्नातकोत्तर हैं। आईआईएम, लखनऊ तथा कैंब्रिज विश्वविद्यालय, इंगलैण्ड से भी उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की है। पिछले करीब 24-25 वर्षों में हिमाचल पुलिस से लेकर भारत सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किये हैं। श्री सिंह बताते हैं कि भारतीय पुलिस सेवा में आने से पूर्व वह भारतीय




सेना में अल्पकालीन अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इस दौरान (1988-94) आतंकवाद प्रभावित पंजाब और जम्मू व काश्मीर में सैन्य अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जेपी सिंह का एक साधारण किसान परिवार से निकलकर आईपीएस अधिकारी तक का सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा है। परन्तु आज वे हमारे समाज और खासकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सारण वासियों को उनपर गर्व है।

आईपीएस अधिकारी श्री सिंह को शिमला का नया आईजी, पुलिस नियुक्त किए जाने पर पूर्व मंत्री गौतम सिंह, मुबारकपुर गांव निवासी व आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह, पूर्व मुखिया डॉ राहुल प्रकाश सिंह, समाजसेवी आरके सिंह, डॉ अमित कुमार तिवारी, देव कुमार सिंह, रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप के निदेशक राकेश कुमार सिंह, गुरुकुल पब्लिक स्कूल एकमा के निदेशक रतन सिंह, आलोक कुमार सिंह, जन सुराज के जिला संयोजक भवानी मुन्ना, एकमा प्रखंड अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, जन सुराज के नेता ललित तिवारी, तेज प्रताप पांडेय, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक कमल कुमार सिंह, कवि व आकाशवाणी कलाकार राजनाथ सिंह, गिरिधर गोपाल सिंह, भूपेंद्र प्रसाद सिंह, प्रो अजीत कुमार सिंह, प्रो अजय कुमार सिंह, प्रो अभय कुमार सिंह, प्रो सुमन कुमार सिंह, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, अरविंद कुमार, मंजीत कुमार तिवारी, राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर, मुखिया प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी, भरत कुमार सिंह, मुखिया प्रमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद जगमोहन सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद सिग्रीवाल, बलवंत सिंह, जितेन्द्र सिंह, गौरव सिंह किशन, प्रदीप सिंह पप्पू आदि अन्य लोगों ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की है।

## सोनपुर - भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजा सिंह का शव वैशाली के खरिका हाल्ट रेलवे लाइन के पास से बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा पूर्वी मंडल के युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजा सिंह उम्र 22 वर्ष पिता हरेंद्र सिंह घर दुधाइला सोनपुर के वैशाली जिले के देसरी थाना की खरिका हॉल्ट के नजदीक रेलवे लाइन में ट्रेन से कटा हुआ शव को देसरी पुलिस ने बरामद किया । मृतक के पहचान सोनपुर थाना क्षेत्र के राजा सिंह पिता हरेंद्र सिंह घर दुधाइला के रूप में हुआ ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करा कर गुरुवार को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया । इस घटना की जानकारी देते हुए सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि मृतक राजा सिंह पिता हरेंद्र सिंह घर दुधाइला हनुमान मंदिर स्थित को वैशाली जिले के देसरी थाना के खरिका हॉल्ट के रेलवे लाइन पर कटा हुआ शरीर को पुलिस ने बरामद किया था । इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को पुलिस ने दी वहीं दूसरी और मृतक के चचेरा भाई उदय कुमार सिंह ने बताया कि राजा कुमार अपने घर से बुधवार के शाम को अपने घर से चार चक्के के वाहन लेकर निकला था । जहां बुधवार के शाम घर पर नहीं पहुंचने के बाद उसकी खोजबीन करना शुरू कर दी। राजा सिंह के मोबाईल स्विच ऑफ बताने के बाद सोनपुर पुलिस को परिजनों ने बुधवार के देर रात दी । जहां गुरुवार के सुबह रेलवे लाइन पर मृत अवस्था में कटे हुए शरीर खरिका हाल्ट से देसरी पुलिस ने बरामद की थी । इस घटना की जानकारी परिजनों को दी है । इस घटना में कोई हत्या कर फेंकने की बात कह रहा था तो कोई प्रेम प्रसंग के बात घर पर लोग अलग अलग बातें कर रहे थे । मृतक अपने पिता के अकेला लड़का था, मृतक के 3 बहन है जिसमे दो बहन के शादी हो गई है।






## सीआरपीएफ कैम्प को लेकर बीइओ ने योगियां हाईस्कूल में युद्ध स्तर पर करायी तैयारी पुरी

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ के बंदुक की साये में मतदान सम्पन्न होंगे। चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के योगियां हाईस्कूल में सुरक्षा बलों का कैम्प होगा।कैम्प स्थल में सुविधा व्यवस्था को लेकर लगातार जिला प्रशासन दौरा कर रहा है।गुरूवार को एसडीपीओ राजकुमार ने हाईस्कूल योगियां के प्रांगण में सुविधा व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रखंड पदाधिकारी के निर्देश पर सैनिक बलों की सुविधा के लिए बीईओ योगेंद्र बैठा की देख रेख में सारी तैयारी पुरी कर लेने का दावा विद्यालय परिवार ने किया है।विद्यालय की ओर से बीडीओ को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि स्नानागार ,शौचालय ,कमरा ,प्रकाश व्यवस्था ,किचेन ,पंखे,चपाकल ,नलका समरसेबल पम्प आदि सहित समस्त मूलभूत सुविधाएं और उनका निर्माण कार्य पुरा कर लिया गया है।बीइओ ने अपने देख रेख में शौचालयों व करीब एक दर्जन नल प्वाइंटों पर स्नान के लिए अलग अलग बाल्टी व मग की खरीदारी करवाई।इसी दौरान विद्यालय की जांच प्रखंड परियोजना प्रबंधक अभिषेक कुमार ने किया जहां 22 में 18 शिक्षक उपस्थित पाये गये जबकि एचएम प्रशिक्षण पर और तीन शिक्षक सीएल पर थे।

## परसा में राजद चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसा हॉस्पिटल रोड में राजद चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन पूजा अर्चना करने के उपरांत फीता काटकर एमएलसी मुन्नी रजक व विधायक छोटेलाल राय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक छोटेलाल राय ने कहा कि परसा के कार्यकर्ताओं के आपस में मिलने और विमर्श में सहूलियत होगी।परसा प्रखंड के आम जन भी अपनी समस्याओं के निवारण के लिए राजद कार्यालय पर आकर उपस्थित पदाधिकारी से संवाद कर पाएंगे।साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता एकजुटता दिखाकर राजद प्रत्याशी डॉक्टर रोहिणी आचार्य के पक्ष में है।हमारे जो विरोधी हैं उसे परास्त करना है।साथ ही परसा विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर रोहिणी आचार्य को भारी मतों से विजयी बनाना है।इस चुनावी समर में अपने अपने बुथों को जीतने के लिए लोगों को जागरूक किया।मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए राजद नेता सुधांशु रंजन ने कहा कि जनता अब पूर्ण रूप से महागठबंधन के साथ है और महागठबंधन को अपने नए विकल्प के रूप में देख रही है।।मुखिया राहुल सिंह ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार ने बिहार के लोगों को ठगने का काम किया है। भाजपा-जदयू की सरकार में बिहार से श्रमिकों के पलायन में भारी बढ़ोतरी हुई है।पूर्व जिलापार्षद नन्दकिशोर राय उर्फ नन्दू राय ने कहा कि सारण की जनता महागठबंधन से राजद प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य पर अपना



वोट कर विजयी बनाएगी।मौके पर राजद,भाकपा माले, कांग्रेस,वीआईपी आदि के सैकड़ों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।इस दौरान एमएलसी मुन्नी रजक,राजद नेता सुधांशु रंजन,प्रोफेसर शिवकुमार राय, मुखिया रामायोध्या राय,राजद अध्यक्ष राजेश राय,राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सिपाही लाल महतो,चंद्रदेव सिंह,पूर्व मुखिया राजेंद्र राय,शोभनाथ राय,रवि प्रकाश,कुमार अशोक,हैप्पी यादव,नागेंद्र राय,अखिलेश राय,जिलापार्षद विनोद राय,दरियापुर प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय,भूषण राय,प्रभात दुबे,जितेंद्र स्वामी,मनोज पाण्डे,सीताराम मांझी,महात्मा प्रसाद गुप्ता,एडवा नेत्री गायत्री देवी,सरपंच मंसूर आलम,भागवत राय,राजनाथ राय,सुरेंद्र राय,शैलेंद्र राय,कृष्णा साह,अलबेला राय,संध्या राय,पप्पू प्रसाद,डा. के एन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जेपी सेतु के बजरंग चौक के पास पिकअप जलकर हुआ नष्ट, बाल-बाल बचे चालक व खलासी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के जेपी सेतु के चेक पोस्ट और बजरंग चौक के बीच सिवान से एक पिकअप जो पटना जा रही थी अचानक इंजन में शॉर्ट सर्किट के कारण पिकअप में आग लग गई। जिससे वहां अफरातफरी का माहौल कायम हो गया । इस घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को पुलिस ने दी । अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पहुँच कर आग पर तो काबू पा लिया लेकिन पिकअप जलकर नष्ट हो गया । उक्त बात की जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने गुरुवार को बताया कि पिकअप सिवान से सामान अनलोड कर दानापुर वापस जा रही थी । इसी दौरान जेपी सेतु के चेक पोस्ट और बजरंग चौक के बीच बुधवार के देर शाम पिकअप के इंजन में शॉर्ट सर्किट लग जाने के कारण वाहन से चिंगारी निकली और वाहन चालक व खलासी जान बचाकर वाहन से बाहर निकल गए वहीं गाड़ी में आग लगते ही वाहन जलने लगा । गाड़ी नंबर बीआर 01 जीजी 1510 का इंजन व अगला हिस्सा जलकर नष्ट हो गया है। इस घटना में चालक और खलासी बाल बाल बच गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित

दैनिक खोज खबर/छपरा। शहर के दर्शन नगर में अवस्थित विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा एक दिवसीय सिवान विभाग के विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक का प्रारंभ लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल, डॉ सुधा बाला, डॉक्टर रविंद्र पाठक, विभाग संयोजक, राजेश रंजन विभाग निरीक्षक , डॉक्टर एच के वर्मा ,सुरेश प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस बैठक का मंच संचालन सिवान विभाग के विभाग निरीक्षक राजेश रंजन ने किया ।आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय का प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ ने किया।आगे अतिथियों का सम्मान विद्यालय के सचिव सुरेश प्रसाद द्वारा किया गया। इस बैठक में सिवान विभाग के 24 विद्यालय के 24 प्रधानाचार्य उपस्थित थे। इस बैठक का समापन डाक्टर सुधा बाला ने अपने अध्यक्षीय भाषण से की। इस बैठक के कार्यक्रम प्रमुख मणि भूषण सिंहा थे। इस कार्यक्रम में मीडिया प्रमुख अनिल कुमार आजाद उपस्थित थे।

## नायगांव पुलिस ने घर पर छापामारी कर देसी व अंग्रेजी शराब को किया बरामद

**सोनपुर।** नयागांव पुलिस ने एक घर पर छापामारी कर देसी व अंग्रेजी शराब को जप्त कर लिया है । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने गुरुवार को बताया कि गोगल सिंह हाई स्कूल नयागांव के नजदीक रवि महतो के घर पर छापामारी कर फ्रिज में रखे अंग्रेजी शराब एवं घर के पीछे रखे 50 लीटर देसी शराब को बरामद किया गया है । पुलिस के वाहन के देखते ही धंधेबाज घर छोड़कर फरार हो गया । पुलिस ने घर से 5.22 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 50 लीटर देसी शराब को बरामद कर लिया थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि अंग्रेजी शराब जो 500 एमएल के 9 पीस बियर जबकि फ्रूटी 180 एमएल के 4 पीस कुल 5.22 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। अवैध कारोबार करने के आरोप में रवि महतो की ऊपर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

# लोकसेवा आश्रम सोनपुर में भगवान सूर्य एवं शनि देव की द्वितीय वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मना

### प्रभु के नाम लेने से हर कष्ट से मिलती है मुक्ति--मौनी बाबा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** हरिहरनाथ मंदिर स्थित लोकसेवा आश्रम परिसर में भगवान सूर्यदेव एवं शनिदेव की मूर्ति का दूसरा वार्षिक उत्सव के अवसर पर मंदिर के रंग रोहन के अलावा विभिन्न प्रकार के लाइटों एवं फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया था । जहां राज्य के कोने कोने से आये सभी संत महात्मा श्रद्धालुओं ने मंदिर के संत मौनी बाबा के नैतृत्व में मंदिर में उपस्थित होकर बुधवार के देर शाम तक वार्षिक उत्सव मनाया। इस मौके पर 24 घंटे का सुंदरकांड पाठ के अलावा भजन, कीर्तन ,हवन का कार्यक्रम के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संत महात्माओं ने भगवान सूर्यदेव व शनि देव ,भगवान शिव, श्री राम सहित अन्य देवी देवताओं के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ किया। लोक सेवा आश्रम के संत विष्णु दास उदासीन उर्फ मौनी बाबा ने कहा कि कलयुग में प्रभु के नाम लेने से कष्ट से मुक्ति मिलती है। धर्म मानवता की रक्षा और कल्याण का महत्वपूर्ण मार्ग है । हिंदू संस्कृति समाज की पहचान है ।मानव को धर्म और ईश्वर से प्रेम करना ही मनुष्य के परम कर्तव्य बनता है। सूर्य देव एवं शनि देव के द्वितीय वर्षगांठ पर संत महात्माओं और भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित होकर पूजा अर्चना करने के उपरांत भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आसपास का क्षेत्र पूरा भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।



## एकमा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

### अनियमित परिचालन के आरोप में 20 हजार रूपये हुई जुर्माना राशि वसूली

**एकमा (सारण)।** शांति पूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए सारण जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। इसके लिए सारण पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की जांच, फरार वारंटियों/अपराधियों की गिरफ्तारी, मादक पदार्थों व द्रव्यों के बेचने और सेवन करने वालों को लगतार गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। वहीं एकमा थाने की पुलिस ने थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया।

इस दौरान अनियमित तरीके से वाहनों का परिचालन करने के आरोप में 26 वाहन चालकों से एकमा थाने की पुलिस ने 20 हजार रूपये जुर्माना की वसूली की है। साथ ही इस दौरान एकमा थाने की पुलिस के द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जप्त चालक गिरफ्तार

### पुलिस ने शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सोनपुर। नायगांव पुलिस ने अवैध बालू लदे ओवरलोडेड ट्रैक्टर को जप्त करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक मनोज राय घर हसनपुर को छपरा जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि एन एच19 पर जो शीतलपुर की ओर से ओवरलोड बालू लेकर ट्रैक्टर चालक मनोज राय हाजीपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान उसे वाहन चैकिंग के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया है । उन्होंने यह भी बताया कि महदली चक में 30 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया ।शराब कारोबारी सरोज सिंह को छपरा जेल भेज दिया गया है।

# 13 मई को 10 बजे छपरा हवाई अड्डा परिसर में पीएम की सभा

## प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियां जोरों पर, रुडी ने सभास्थल का किया निरीक्षण

### सभा स्थल, पार्किंग स्थल पर पेयजल, शौचालय की व्यवस्था का लिया जायजा

### रुडी की प्रशासनिक पदाधिकारियों की गठित समिति के सदस्यों के साथ बैठक

### रुडी ने कहा ऐतिहासिक होगी पीएम की सभा, टूटेंगे भीड़ के सारे रिकॉर्ड



**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** सारण लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत छपरा में निवर्तमान सांसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर छपरा हवाई अड्डा परिसर के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। रुडी के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों की गठित समिति के सदस्य भी मौजूद थे। इस दौरान नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम के नगर आयुक्त, सदर के अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात भी रुडी के साथ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान रुडी ने पार्किंग स्थल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक का निरीक्षण किया ताकि कार्यक्रम में शामिल होने लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभा स्थल, पार्किंग स्थल पर पेयजल, शौचालय की व्यवस्थाएं की आदि की व्यवस्था का जायजा लिया ताकि आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित कार्यक्रम छपरा के हवाई अड्डा परिसर में है, जहां 13 मई को 12 बजे प्रधानमंत्री मोदी पहुंचेंगे और चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। इस संदर्भ में भाजपा प्रत्याशी रुडी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह सभा ऐतिहासिक होगी और भीड़ के सारे रिकॉर्ड टूट जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सभी तैयारियां हो रही है। नेता व कार्यकर्त्ता घर - घर जा रहे हैं और लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए रुडी ने कहा कि यहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का कार्यक्रम होना मेरे लिए सौभाग्य है। प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐतिहासिक दौरा होगा, जहां लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री को सुनेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं कड़ी मेहनत कर रहे है।इसके पूर्व रुडी ने अमनौर में कोर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की। इसके बाद वे गरखा गये जहाँ चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसके बाद रुडी छपरा पहुंचे जहाँ छपरा सदर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

## बनियापुर में महागठबंधन प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क भियान

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण) ।** बनियापुर प्रखंड के अलग-अलग पंचायत में महागठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह ने जन संपर्क भियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आकाश सिंह का भव्य स्वागत किया। वही जनसभा को संबोधित करते हुए आकाश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार झूठे की सरदार है। 2014 से लेकर अभी तक जितने भी मोदी ने वादे किए हैं उसमें से एक भी वादे को अभी तक पूरा नहीं किए हुआ। केवल जुमलेबाजी करते हैं उन्होंने कहा कि अगर 2024 में कांग्रेस की महागठबंधन की सरकार बनती है सभी परिवार को एक लाख रुपए दिया जाएगा। सभी किसानो कर्ज माफी की जाएगी। अग्नि वीर योजना को समाप्त कर दिया जाएगा। कांग्रेस के सरकार थी जब उस समय सिलेंडर 300 के मिलते थे। तब स्मृति ईरानी सर पर सिलेंडर लेकर तांडव करते नजर आती थी लेकिन आज एक हजार रुपये सिलेंडर बिक रहे हैं और स्मृति ईरानी का कोई आता पता नहीं है, फिर से जब महागठबंधन के सरकार आयेगी तब गैस सिलेंडर के दामों को गिरावट आएगी।जब चुनाव आते हैं तो मोदी जी को हिंदू मुस्लिम दिखाई देते हैं इलेक्ट्रॉन बांड जैसी कई ऐसी कंपनी है उन कंपनियों से मोदी जी को चंदा मिला है और लालू यादव और अरविंद केजरीवाल पर ईडी सीबीआई की रेड पड़ती रहती है जबकि ये मोदी पर होनी चाहिए। आप सभी मतदाताओं से 25 में को महागठबंधन को मतदान करें। यही मैं आप सभी से कहने आया हूं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता परशुराम त्रिपाठी मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिपाही, पूर्व बीडीसी भगवान शर्मा राजू तिवारी, उपेंद्र यादव, विकास सिंह ,नईमुद्दीन खाँ डब्लू यादव प्रिंस सिंह उप मुखिया विक्रम प्रसाद अमजद खाँ लादेन खाँ, कमलेश यादव, ऋषि यादव, सुभाष यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन नहर पर अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल कर्ण कुदरिया गांव निवासी रणविजय सिंह पिता स्व विश्वनाथ सिंह जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिउरी में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।



## मशरक नपं के नाजिर ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप लगा चार पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** नगर पंचायत के नाजिर के द्वारा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर मशरक थाना में प्रकाश सिंह, सुधीर सिंह, सरोज कुमार यादव एवं कन्हैया प्रसाद पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त मामला को बेबुनियाद और मशरक नगर पंचायत की चल रही विकास की योजनाओं में भ्रष्टचार के मुद्दा को सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सोशल मीडिया खबर प्रसारित करने से जोड़ कर देखा जा रहा है। मामले में आपकों बता दें कि नगर पंचायत में चल रहे स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण और अन्य योजनाओं में धांधली को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं जय बिहार फाउंडेशन की टीम में संजय कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र नाथ सिंह, महेश्वर सिंह समेत अन्य ने योजनाओं की जांच कर उचित कार्रवाई के लिए नगर पंचायत कार्यपालक के यहा शिकायत की गई है। वहीं मामले में नगर पंचायत कार्यालय के नाजिर रणधीर कुमार सिंह ने मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें उन्होंने बताया कि उक्त सभी नगर पंचायत कार्यालय पहुंच सरकारी काम में बाधा उत्पन्न किए और सोशल मीडिया के चैनल पर उनका आडियो क्लिप जो शिकायकर्ता से बातचीत का हैं उसको वायरल कर दिया गया है। वही मामले में प्राथमिकी दर्ज के बाद जय बिहार फाउंडेशन के संस्थापक संजय कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र नाथ सिंह और महेश्वर सिंह के साथ एक शिष्टमंडल ने थानाध्यक्ष धनंजय राय से मुलाकात की और मामले की गहनता से जांच पड़ताल करने की मांग की। मामले में थानाध्यक्ष ने कहां कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएंगी। वहीं मामले में नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महतों ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है, समाधान का प्रयास किया जा रहा है।




## संविधान के नाम पर भ्रम फैलाना बंद करे लालू यादव

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** छपरा में पार्टी के प्रधान चुनाव कार्यालय में आज प्रेस वार्ता को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने संबोधित किया। लालू जी की सामाजिक न्याय की परिभाषा अपने परिवार से प्रारंभ और परिवार में समाप्त होती है। आज देश में असल मायनों में सामाजिक न्याय की स्थापना हुई है। पहली बार देश के इतिहास में आदिवासी की बेटी संविधान के सर्वोच्च स्थान पर पहुँची है और विराजमान है और पहली बार एक सामान्य परिवार में जन्म लिया अति पिछड़ी जाति से आने वाला व्यक्ति एक ताकतवर प्रधानमंत्री के रूप में विराजमान है।

बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में घोषित करने की बात हो। संविधान दिवस घोषित करना हो या बाबसाहब अंबेडकर जी के जन्म जयंती को राष्ट्रीय अवकाश हो या पिछड़ा वर्ग आयोग को सांविधानिक दर्जा देने की बात हो। आज नरेंद्र मोदी के शासन में सामाजिक न्याय की नई धारा की शुरुआत हुई है। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला रमेश प्रसाद, प्रदेशमंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा , महामंत्री धर्मेंद्र शाह, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान, कार्यालय मंत्री, जिला मंत्री रंजन यादव, जदयू के व्यसायिक मंच के जिला अध्यक्ष अजय प्रसाद, चंदन सोनी, अजीत सोनी, दीपक गुप्ता, प्रदीप सौरभ आदि शामिल हुए।

### पहलेजा पुलिस ने एक शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**सोनपुर।** पहलेजा पुलिस ने दियारा इलाके में छापामारी कर एक भट्ठी को ध्वस्त करते हुए मौके पर 400 लीटर अर्ध्यनिर्मित शराब को विनिस्ट किया है। इस बात की जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने यह भी गुरुवार को बताया कि एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया है । जिन शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया है उसके शराब भट्ठी संचालक की चिन्हित किया जा रहा है ।

### देसी शराब बरामद, एक धंधेबाज के साथ दो शराबी भी गिरफ्तार

**सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र की गंगाजल टोला से पुलिस ने छापामारी कर 20 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने गुरुवार को बताया कि गंगाजल टोला से 20 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी भटकू राय पिता स्व निशु राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 2 शराबी को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें खरिका के प्रेम कुमार राय और मदन कुमार को जेल भेज दिया गया है ।

### लखनपुर में बाइक दुर्घटना में युवक घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** पानापुर थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव का संतोष बिन मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गोलम्बर के पास बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि वह बाइक से बहन के यहां प्यारेपुर गांव जा रहा था कि लखनपुर गोलम्बर के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस गश्ती दल ने मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### बच्चों के झगड़े के विवाद में बड़ों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के घोघिया गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद में परिजनों के बीच हुए मारपीट में 7 महिला पुरूष घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। घायलों में घोघिया गांव निवासी राजेश राम, सचिंद्र राम,राजा राम, रोहित राम, देवेन्द्र राम,ग्रहण राम, चिंता कुंवर शामिल हैं। मौके पर थाना पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि बच्चों के झगड़े को लेकर परिजनों के बीच मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

### राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्या ने कई गांवों में किया चुनावी दौरा, लोगों से मांगा आशिर्वाद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सारण से राजद उम्मीदवार डा.रोहिणी आचार्य मढ़ौरा विधानसभा के पश्चिमी पंचायतों में लोगों से मिलने पहुंची। प्रखंड के रसूलपुर, बहुआरापट्टी, माधोपुर, ओल्हनपुर, इसरौली, मिर्जापुर, तेजपुरवां, सलिमापुर, अंवारी पंचायत के कई गांवों में पहुंची। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में डा.रोहिणी आचार्य को देखने के लिए महिला, पुरुषों में उत्साह था और बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बच्चे इंतजार करते दिखे। मढ़ौरा विधान सभा के रसुलपुर ननफर से शुरु हुआ रोड शो रेपुरा चौक, बहुआरा पट्टी, जगदीशपुर, माधोपुर, नायका बाजार ओल्हनपुर, सेंदुआरी, चंनना, मिर्जापुर, तेजपुरवा, लेरूआ, सलिमापुर, असाव और सेमरहिया तक पहुंची । लोगों ने जगह जगह पर राजद अभ्यर्थी का स्वागत किया । मौके पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक जीतेन्द्र कुमार राय सहित अन्य राजद समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में एक शख्स की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में बाइक दुर्घटना में एक शख्स को थाना पुलिस के द्वारा इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरहा रामचन्द्र साह का 40 वर्षीय पुत्र नंदू साह के रूप में हुई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। घटना के बारे परिजनों ने बताया कि वह बाइक से डुमरसन बाजार से वापस घर जा रहा था उसी दौरान बाइक दुर्घटना में घायल हो गया। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक शादी शुदा है और उसको 3 लड़की और 1 लड़का हैं।

## पुलिस की पिटाई से आक्रोशित दलितों ने छपरा-मशरक एस एच-90 किया जाम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज कतालपुर महादलित टोला के आक्रोशित ग्रामीणों ने छपरा मशरक एस एच 90 सड़क को घंटो जाम कर किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महादलित टोला गांव में उत्पाद के पुलिस जवानों ने अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान में दो शख्स को बुरी तरह से पीट दिया। घायल रमेश राउत और विकास कुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। वहीं आक्रोशित महादलित टोला के ग्रामीणों ने छपरा मशरक एस एच 90 को जाम कर दिया और पुलिस के विरोध में आक्रोशित हो गए। मौके पर डीएसपी अमरनाथ, थानाध्यक्ष धनंजय राय और नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने आक्रोशित महादलित टोला के लोगो समझा बुझाकर शांत कराया और आवागमन चालू कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि टोले में शराब की छापेमारी को पहुंची पुलिस ने दो को बेवजह मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि जांच के बाद कारवाई की जाएगी।





## मढ़ौरा में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** लोकसभा चुनाव में चुनाव चिन्ह आवंटन के साथ चुनाव प्रचार में तेजी आने लगी है। इसको लेकर मढ़ौरा में बीजेपी का चुनावी कार्यालय का गुरुवार को महादलित महिला ने उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन को लेकर बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे। कार्यालय के उद्घाटन पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र के लोगों में पीएम नरेन्द्र मोदी को लेकर काफी उत्साह है। लोग जिस तरह से समर्थन दे रहे है उससे सारण उम्मीदवार राजीव प्रताप रूढ़ी का लगातार तीसरी बार जीत तय है। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष गामा सिंह, नागेन्द्र राय, तेजनारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, पप्पू सिंह, शम्भू प्रसाद सिंह, शयामनंदन विद्रोही, राकेश कुमार उजाला, सुजीत सिंह, सतीश कुमार सिंह, सतीश पांडेय, धनंजय शर्मा, मुन्ना कुशवाहा,

मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा,आर्य सुमंत, नगर अध्यक्ष बलवीर सिंह, व्यवसायी ओमप्रकाश सिंह, राकेश सिंह, श्यामसुंदर सिंह, बलराम तिवारी, राजीव सिंह पेन्टर, मंटू सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गड़खा में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

**दैनिक खोज खबर/गड़खा/छपरा।** बीजेपी द्वारा राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतिक महाराणा प्रताप की जयंती गरखा विधानसभा संयोजक प्रो हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मनाई गई । पूर्व जिला महामंत्री श्रीनिवास सिंह जिला मंत्री राजेश सिंह , मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ,शक्ति केंद्र प्रमुख नीरज सिंह ,त्रिलोकी शर्मा, कृष्णा तिवारी ,सुनील शर्मा ,शुभम कुमार, चंदन सिंह, नजरे इमाम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वही मिर्जापुरपंचायत के रतनपुराबसंत चौक पर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर बहुत से वक्ताओं ने अपने विचार रखे। स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए महाराणा ने अपने सर्वस्व न्यौछावर कर दिए। वक्ताओं ने उनके शौर्य और पराक्रम की चर्चा की। शिक्षक शिवनाथ सिंह ने कहा कि वे किसी जाति धर्म के नहीं बल्कि अपने जन्मभूमि मेवाड़ के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने अकबर द्वारा भेजे गए चार बार के संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया था।उनके वीरता से कायल होकर उनके मृत्यु पर अकबर भी रोया था। मुनेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, शिवनाथ सिंह, राजेन्द्र उपाध्याय, गौरीशंकर सिंह, सुरेश सिंह, अरविंद उपाध्याय,अजय सिंह, बुलेट बाबा तथा सत्यप्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

# परशुराम जयंती के अवसर पर 10 मई को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 10 मई परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर युवा ब्राह्मण चेतना मंच के तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। विगत 20 --22 वर्षों से युवा ब्राह्मण चेतना मंच शोभा यात्रा सह परशुराम जयंती का आयोजन करते आ रहा है। इस वर्ष अक्षय तृतीया परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 10 मई शुक्रवार प्रातः 7॰00 बजे मारुति मानस मंदिर परिसर ( राजेंद्र स्टेडियम के सामने )से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा जो टाउन थाना चौक साहेबगंज शिव मंदिर चौक, सोनार पट्टी ,कटहरी बाग हनुमान मंदिर मेवालाल गांधी चौक, मौना चौक नगर निगम चौक, जोगणिया कोठी ,कचहरी स्टेशन ,बाजार समिति सांडा रोड होते हुए सीपीएस स्कूल के सामने दुदही पुल के पास रामानंद विवाह भवन में भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। बैंड बाजा लाउडस्पीकर के साथ मोटरसाइकिल पर भगवान परशुराम के वंशज विप्र बंधु सैकड़ो की संख्या में जयकारा के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष अरुण पुरोहित ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी शोषित दलित कमजोर वर्गों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध जब लोगों ने शास्त्र की बात नहीं मानी तो उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र का प्रयोग कर सनातन धर्म की ध्वजा को स्थापित किया। वर्तमान समय में भगवान परशुराम जी के बताएं रास्ते पर चलकर ही हम सनातन धर्म की रक्षा कर सकते हैं। जो लोग शास्त्र की बात नहीं मानते सनातन संस्कृति को बचाने के लिए हमें शस्त्र भी उठाना पड़ेगा। युवा ब्राह्मण चेतना मंच समस्त विप्र बंधुओ से आग्रह करता है कि आप शोभायात्रा में शामिल हो भगवान परशुराम का पूजन कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा ब्राह्मण चेतना मंच के श्याम सुंदर मिश्रा विमलेश तिवारी उर्फ बबलू बाबा संजय पाठक अनिल कुमार मिश्रा दीपू जी रंगनाथ तिवारी राजू तिवारी अरुण पुरोहित रंजीत उपाध्याय पवन उपाध्याय शशि प्रकाश मिश्रा उर्फ मनोज बाबा प्रेम पाठक अमित कुमार सैकड़ो कार्यकर्ता प्रत्येक प्रखंड में जाकर विप्र बन्धुओं को निमंत्रण दे रहे हैं।



## हृदयगति रुकने से हसनपुरा के युवक की कोलकाता में मौत

**हसनपुरा(सिवान)** ॰ एमएच नगर थानाक्षेत्र नोनियाडीह निवासी एक युवक की बुधवार की शाम हृदयगति रुकने से कोलकाता में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान नोनियाडीह निवासी सत्यनारायण महतो के पुत्र विनोद महतो के रूप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि विनोद कोलकाता में फल का व्यवसाय करता था। वह दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत के बाद पत्नी रानी देवी, मां कुंती देवी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक को तीन पुत्र है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। इस मौके पर छोटे मुखिया, वार्ड प्रतिनिधि सुरेश महतो, संदीप कुमार आदि मृतक के स्वजन को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**गुठनी (सिवान)** ॰थाना क्षेत्र के कर्म बाबा के समीप गुठनी-दरौली मुख्य मार्ग पर बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में एक मजदूर घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर होने कारण चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बरपलिया निवासी रामप्रताप राजभर के रूप में हुई है।

स्वजनों ने बताया कि रामप्रताप राजभर बुधवार की देर शाम चिमनी पर काम कर घर वापस लौट रहे थे कर्मा बाबा के समीप गुठनी- दरौली मुख्य मार्ग पर पीछे से अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। घटना के बाद जब तक ग्रामीण वहां पहुंचते चालक गाड़ी के साथ भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना फोन से दी। स्वजन उसे इलाज के लिए गुठनी अस्पताल ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। घटना की मिलते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, एसआइ गणेश चौहान, एएसआइ विनय कुमार ने स्वजनों से मिल घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

## वर्षा से दिलाई गर्मी से राहत, अधिकतम तापमान में आई 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट

**सिवान** ॰जिले में गुरुवार की अल सुबह गरज के साथ हुई वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली वहीं जगह-जगह सड़कों पर जल जमाव व कीचड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तापमान में आई गिरावट से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। गुरुवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की अल सुबह से ही आसमान में बादल मंडराने लगे और तेज गरज के साथ वर्षा होने लगी। इस दौरान दिन में रुक-रुक हर हल्की बूंदाबांदी होती रही। इस कारण शहर या बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को परेशानी का सामना करना। शहर के स्टेशन रोड, कचहरी रोड, मखदुम सराय, स्टेशन रोड, दरबार रोड, सब्जी मंडी, शास्त्री नगर रोड समेत अन्य सड़कों पर कीचड़ होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रक में लगी आग॰दो दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू, बिहटा-सरमेरा रोड के कथराही मोड़ के पास हादसा

**नालंदा,एजेन्सी।** नालंदा में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में बुधवार की रात अचानक आग लग गई। मामला बिन्द थाना इलाके के एनएच 78 बिहटा-सरमेरा 2 लेन के कथराही मोड़ के पास की है। अगलगी के कारण ट्रक का अगला हिस्सा केबिन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है।

लोगों ने बताया कि कथराही मोड़ के समीप ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी। तभी अचानक ट्रक से आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टोल फ्री नंबर 101 पर घटना की जानकारी दी। इसके बदा रहुई थाना एवं सरमेरा थाना में तैनात दमकल की गाड़ियां पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद आग पर काबू पाया गया। ट्रक कथराही निवासी रामगुलाम तांती का का है। इस मामले में कथराही निवासी गनौरी यादव ने अग्निशमन पदाधिकारी को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया है कि उनके ऑफिस के सामने ट्रक लगी हुई थी जिसमें अचानक देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। ट्रक मालिक फिलहाल कलकत्ता में हैं। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत वह लौट रहा है।

बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि ट्रक कई दिनों से सड़क किनारे खड़ी थी। जिसमें अचानक बुधवार की रात आग लग गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक मालिक उसे बेचने के प्रयास में लगा हुआ था।

## दहेज में स्कोर्पियो नहीं मिलने से विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ॰ थाना क्षेत्र के हिलसड़ गांव की एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने दहेज में स्कोर्पियो नहीं मिलने से नाराज होकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़िता हिलसड़ निवासी मणिभूषण सिंह की पत्नी नीलम कुमारी के पिता दिलशादपुर निवासी नरेंद्र सिंह ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने दामाद मणिभूषण सिंह, समधी शंभूनाथ सिंह व समधिन मनोरमा देवी पर दहेज के लिए पुत्री को प्रताड़ित करने व मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अपनी पुत्री नीलम कुमारी की शादी वर्ष 2020 में हिलसड़ गांव निवासी शंभूनाथ सिंह के पुत्र मणिभूषण सिंह के साथ सामर्थ्य के अनुसार उपहार देकर की थी, लेकिन ससुराल वाले मायके से दहेज में स्कार्पियो मंगाने के लिए पुत्री पर दबाव बनाने लगे। पुत्री को बच्ची पैदा होने के बाद से ससुराल वालों का व्यवहार और बदल गया और वे सभी मेरी पुत्री के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने लगे। इसको लेकर कई बार पंचायती भी हुई, लेकिन इसका समाधान कुछ नहीं निकला। इस बीच वे अपनी पुत्री को लेकर घर लेकर चले आए। उसके बाद उसके ससुराल वाले 22 अप्रैल को पुन॰ पुत्री को बुलाकर ले गए, लेकिन फिर उसे प्रताड़ित तथा मारपीट करना शुरू कर दिए। अंततः सात मई को उसके ससुराल वाले पुत्री का सारा सामान लेकर तथा मारपीट कर बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने कहा कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

### निधन पर शोक

**हसनपुरा (सिवान)** ॰एमएच नगर थाना के सिसवां कला निवासी समाजसेवी हरिहरनाथ सिंह काका निधन गुरुवार को हो गया। वे एक सप्ताह से बीमार थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर जिला पार्षद ब्रजेश कुमार सिंह, दीनानाथ सिंह, योगेंद्र सिंह, मुखिया नागेंद्र सिंह, उदय सिंह, मुकुल सिंह, दलन सिंह, शिवजी सिंह, सत्येंद्र सिंह, पशुपतिनाथ दुबे आदि ने शोक व्यक्त की है।

### दारौंदा में बदले गए तीन बीएलओ

**दारौंदा (सिवान)** ॰प्रखंड के तीन मतदान केंद्र के बीएलओ को बदल नए बीएलओ की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह जानकारी देते हुए बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि तीन बूथों के बीएलओ को बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय मकतब दायां भाग मतदान केंद्र संख्या 230 के बीएलओ मिथिलेश तिवारी का स्थानांतरण होने के कारण यहां प्राथमिक विद्यालय दक्षिण मठिया के शिक्षक शंभू मांझी को नया बीएलओ बनाया गया है। मध्य विद्यालय भीखाबांध मतदान केंद्र संख्या 254 के बीएलओ शमसुद्दीन अंसारी के सेवानिवृत्त होने परउसी विद्यालय के ज्ञानेश्वर कुमार को बीएलओ बनाया गया है। वहीं प्राथमिक विद्यालय बंगरा मतदान केंद्र संख्या 302 के बीएलओ मुकेश राम द्वारा त्याग पत्र देने के कारण शिक्षक अमित कुमार राम को नया बीएलओ बनाया गया है।

## जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**सिवान** ॰ जिल के रघुनाथपुर में बड़हरिया में गुरुवार को जीविका दीदियों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्लोगन लिखे कई नारे लगा मतदाताओं को 25 मई को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जीविका दीदियों ने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर प्रखंड के मुरारपट्टी में पुष्पांजलि महिला ग्राम संगठन की जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अभिषेक कुमार के मार्ग दर्शन में मतदाताओं शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर सीसी चिरंजीवी कुमार सिंह, जीएन सोनी, सीएफ कंचन कुमारी, बीके पिंकी कुमारी ,कम्युनिटी मोबलाइजर पुष्पा कुमारी, अंजनी देवी आदि शामिल थीं। बड़हरिया प्रखंड में भी मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीडीओ प्रणव कुमार गिरि के निर्देशन में जीविका दीदियों ने प्रखंड परियोजना प्रबंधक नलिनी रंजन झा के नेतृत्व में रैली निकाल मतदाताओं का जागरूक किया तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस मौके सीएफ अमिता कुमारी, बीके मंजू देवी, सीएम सुनीता देवी, अनीता देवी, पूनम देवी आदि उपस्थित थीं।

## वर्षा का पानी सड़क पर जमा होने से नाराज ग्रामीणों किया प्रदर्शन

**हुसैनगंज (सिवान)** ॰ गुरुवार की अल सुबह गरज के साथ हुई वर्षा से के बाद महुवल-पचरुखी मुख्य पथ स्थित बड़रम गांव में सड़क पर एक से डेढ़ फीट पानी जमा होने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और ग्रामीण सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान ग्रामीण प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप लगा रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि अभी बरसात शुरू नहीं हुई, हल्की वर्षा होने से सड़क पर एक से डेढ़ फीट पानी जमा हो गया। जल निकासी नहीं होने से पानी सड़क पर ही जमा है। इस कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क महुवल, बड़रम वाया नारायणपुर होते हुए पचरूखी भवानी मोड़ एनएच 531 को जाती है,इस पर करीब साढ़े पांच किलोमीटर सड़क पर असंख्य गड्ढे हो गए हैं। दलित बस्ती, गीता मोड़ और नारायणपुर महावीर मंदिर के समीप डेढ़ से दो फीट तक सड़क पर गड्ढे हो चुके हैं, इस पर वाहन को कौन कहे पैदल चलना भी मुश्किल है। इस सड़क की जर्जर से कई बार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सक। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजनांतर्गत सात दिसंबर 2023 को इस मार्ग के जीर्णोद्धार हेतु करीब साढ़े सात करोड़ रुपये आवंटित किया था, लेकिन छह महीने बीत जाने के बावजूद भी सड़क जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

# शार्ट सर्किट से कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**बसंतपुर (सिवान)** ॰ थाना क्षेत्र के खोरीपाकड़ बाजार के समीप बुधवार की रात शार्ट सर्किट से एक कपड़ा की दुकान में आग लगने दुकान में रखने सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की भयावहता को देखते हुए ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। कुछ देर के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। घटना के संबंध में खोरीपाकड़ निवासी दुकान मालिक मुन्ना साह ने बताया कि बुधवार की शाम अपनी कपड़ा दुकान बंद कर घर आ गया था। तभी देर रात्रि दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने की सूचना मिली। जब वहां पहुंचा तो पाया कि दुकान से धुआं एवं आग की लपट निकल रही थी और ग्रामीण आग बुझाने में जुटे हुए थे। आग की भयावहता को देख इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। कुछ देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचती तब तक दुकान में रखी सारी संपत्ति जलकर राख हो गई थी। कुछ देर के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाई। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व काफी मात्रा में कपड़ा बिक्री के लिए लाया था जो सभी अगलगी में जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि इस अगलगी में करीब 10 लाख की संपत्ति जलने का अनुमान है। समाचार प्रेषण तक थाना एवं अंचल कार्यालय में आवेदन नहीं दिया गया था।

### आपसी रंजिश में हुई मारपीट में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** ॰एम एच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा पकड़ी मोहल्ला गांव के समीप गुरुवार को आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। एक पक्ष के इंद्रदेव पंडित की पत्नी शैल देवी ने थाना में आवेदन पड़ोसी नईम अहमद, अहमदी खातून, रूही खातून् व रूमी खातून को आरोपित किया है, जबकि पक्ष के अहमदी खातून ने थाना में आवेदन देकर इंद्रदेव पड़ित, जितेंद्र पंडित, सीता देवी व यूनुस हजाम को आरोपित किया है।

# बाइक व मोबाइल लूट की घटना सीसी कैमरा में कैद

**दारौंदा (सिवान)** ॰ थाना क्षेत्र के चकरी गांव के समीप सात मई को एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखा एक युवक से बाइक व मोबाइल लूट ली थी। तीनों बदमाश गमछा से मुंह बांधे हुए थे जिससे उनकी पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन यह घटना सीसी कैमरा में कैद हो गई है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि बदमाशों की पहचान के लिए चकरी गांव एवं आस-पास क्षेत्रों में लगे सीसी फुटेज देखा जा रहा है। फुटेज में आए बदमाशों की चेहरे की पहचान की जा रही है। शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी रामेश्वर राय के पुत्र सरोज कुमार राय सात मई को अपनी बाइक से चकरी गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों ने बाइक व मोबाइल के साथ बैंक का पासबुक एवं कुछ कागजात भी छीन ली थी। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है

## तीन देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**महाराजगंज (सिवान)** ॰स्थानीय थाना की पुलिस ने बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के पटेढ़ा गांव से एक युवक को तीन देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान पटेढ़ा निवासी विनोद राउत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुअनि योगेंद्र तिवारी पुलिस बल के साथ शहर के रामप्रीत मोड़ के समीप गश्त कर रहे थे। तभी पटेढा निवासी प्रभु प्रसाद ने फोन किया कि उसका भतीजा विनोद राउत नशे में धुत होकर महिलाओं के साथ गलत व्यवहार कर रहा है। जब वहां पुलिस पहुंची तो देखा कि एक युवक अपने पीठ पर बैग लिया है और ग्रामीण उसे घेरे हैं। तभी पुलिस ने उस युवक को दबोच लिया। जब पुलिस उसकी बैग की तलाशी ली थी छोटा- बड़ा तीन देशी कट्टा बरामद किया गया। यह देख पुलिस के भी होश उड़ गए। पुलिस उसे गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

### पुलिस आब्जर्वर ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**महाराजगंज (सिवान)** ॰ महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासनिक तैयारी की जा रही है। इसके मद्देनजर गुरुवार को पुलिस आब्जर्वर बी हर्षवर्धन राजू ने बलऊं गांव स्थित मतदान केंद्र संख्या 145, 148, 149 तथा 150 मतदान केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को दिया निर्देश दिया। उन्होंने एसडीपीओ, बीडीओ से मतदान केंद्र की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदान के दिन पुलिस व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद रहनी चाहिए। यदि कोई मतदाता को डरा-धमका रहा है तो उसकी तुरंत गिरफ्तार करें।

इस दौरान मौके पर एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, बीडीओ डा. रवि रंजन, सीओ जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप को आदर्शों को आत्मसात करने पर बल

**सिसवन (सिवान)** ॰प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को भारतीय स्वाभिमान व वीरता के प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। मूर्ति के संस्थापक पूर्व मुखिया आनंद कुमार सिंह ने कहा कि 1576 में हल्दी घाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप ने जिस वीरता का परिचय दिया, वह दुनिया में एक मिसाल है। शक्तिशाली मुगल बादशाह अकबर की विशाल सेना के सामने थोड़े से संसाधन के बल पर महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता के लिए वर्षों तक संघर्ष किया। महाराणा प्रताप के अदम्य साहस का ही परिणाम था कि 30 साल तक लगातार प्रयास के बाद भी मुगल बादशाह अकबर उन्हें बंदी नहीं बना सके। इस मौके पर गौतम यादव, त्रिलोकी सिंह, अजीत सिंह, रंजीत सिंह, राजू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**आंदर (सिवान)**॰ लोकसभा चुनाव की तैयारी को ले बीडीओ कुणाल कुमार ने नगर पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुल्तानपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 281, 282, 283 एवं 284 का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए गए तथा मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। इस मौके पर बीसीओ राजू कुमार, शिक्षक श्यामबाबू यादव, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, दिनेश यादव समेत आदि कर्मी उपस्थित थे।